## सार-समाचार

### संघर्ष समिति का गठन

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (एकीकृत) के तत्वावधान में नर्सेज जिलाध्यक्ष संजय कुमार मेघवाल के नेतृत्व में संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें नर्सेज के 11 सूत्रीय मांग पत्र सहित वेतन विसंगतियों के शीघ्र निस्तारण को लेकर प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राणा, संरक्षक बद्रीलाल नागर, प्रदेश महामंत्री रामकरण सालवी, संभाग मंत्री छीतरलाल नागर की सहमति से जिला स्तर पर संघर्ष की आवाज को बुलंद करने का आव्हान किया गया। यहां सर्वसम्मति से संघर्ष समिति के जिला संयोजक के पद के लिए नर्सिंग ऑफिसर उमाशंकर गोचर को नियुक्त किया गया। साथ ही, बारां ब्लॉक संयोजक अर्पित शर्मा, अटरू ब्लॉक संयोजक शिवसिंह धाकड़, छबड़ा ब्लॉक संयोजक कपिल सैनी, छीपाबड़ोद ब्लॉक संयोजक कालूराम मीणा, अंता ब्लॉक संयोजक मोहम्मद यूसुफ अंसारी, मांगरोल ब्लॉक संयोजक महेंद्र कुमार बैरवा, शाहबाद ब्लॉक संयोजक धर्मेंद्र बैरागी, किशनगंज ब्लॉक संयोजक देवकिशन नागर को नियुक्त किया गया। नर्सेज कर्मचारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर लंबे समय से संघर्ष जारी है, इसी क्रम में अब संघर्ष समिति नर्सेज की समस्याओं और मांगों को लेकर राज्य स्तर तक संघर्ष करेगी। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन की निदेशक और अराजपत्रित सुरेश नवल से एसीएस शुभ्रा सिंह के निर्देशों पर हु वार्ता में 11 सूत्रीय मांग पत्र पर सहमति बनी है। लेकिन मांगे पूरी होने तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा।

### विजेताओं को पुरस्कृत किया

**बूंदी** (निसं)। यूनाइटेड डेवलपमेंट एंड एजूकेशन सोसायटी के समर कैंप समापन समारोह मुस्लिम मुसाफिर खाना ब्रहमपूरी में सदारत मौलाना अमानुल्लाह अशरफी कैथून कोटा, एजाजुद्दीन अंसारी एस ई कोटा संभाग, राजेन्द्र कुमार व्यास जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक की सदारत मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम में, डॉ. एम के खान, एडवोकेट शिफाऊल हक़, यूडीई फाउंडर मुफ्ती मोहम्मद आलम रज़ा ग़ौरी, सेक्रेटरी एजाज अली, नायाब सदर रियाज़ अली हनफी, एडवोकेट हाजी नुरूद्दीन जी, डाक्टर जाकिर हुसैन, एकीकृत महासंघ जिलाध्यक्ष अनीस अहमद शेख, मेहमूद ग़ौरी कल्लन, मुफ्ती गुलाम जिलानी,कारी मंसूर आलम,मोलाना शाकिर रज़ा, मोलाना गुलाम गौस मंचासीन रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चो् को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनवार अहमद शेख ने किया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी कालू खां, मोहम्मद रईस, नावेद अंसारी, अब्दुल कलीम, मोहम्मद शाहिद अरमान जावेद अज़ीम मोहम्मद इसरान,ईद मोहम्मद, हाफिज सगीर,मोलान कमालुद्दीन, हाफिज निसार,, जलालुद्दीन अंसारी, अब्दुल कलाम, संजय खान जाहिद हुसैन, जाकिर हुसैन, अब्दुल हकीम, मोहम्मद शाहिद, साज़िद हुसैन, आसिफ, मुशर्रफ, साहिर हुसैन सहित सेकडो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस पैच ग्राउण्ड में पौधे रौपे

**बून्दी** (निसं)। रोटरी क्लब द्वारा आज पुलिस परेड ग्राउंड में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने पौधे रोप कार्यक्रम की शुरूआत कर कहा की हम सभी को अपने जीवन में एक से अधिक पौधे लगाना चाहिए, जब तक पौधा बड़ा होकर वृक्ष नहीं बन जाए तब तक उसका पालन पोषण किया जाए। रोटरी क्लब द्वारा बरगद, पीपल, नीम, गुलमोहर, शीशम, अर्जुन, अशोक, आम, जामुन के 100 से अधिक पौधे लगाए गए। इस दौरान एडिशनल एसपी किशोरी लाल, पुलिस उपाधीक्षक ओमेंद्र सिंह शेखावत, रोटरी क्लब अध्यक्ष विश्वनाथ श्रंगी, सचिव निखिल मूलचंदानी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश सिंह जादौन, लक्ष्मी चंद गुप्ता, घनश्याम जोशी, महेंद्र जैन, शक्ति तोषनीवाल, हाशिम भाई, जितेंद्र चावडा, नारायण झंवर, ध्रुव व्यास, नरेश जिंदल, मुकुट दाखेडा, असरार अहमद, ऋतुराज दाधीच आदि शामिल रहे।

### योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**छबड़ा** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग शिक्षा प्रमुख विष्णु शर्मा ने बताया कि सोमवार को भी योग की विभिन्न मुद्राएं आसन, प्राणायाम, शुक्ष्म क्रिया का अभ्यास करवाया गया, जिसमें विद्या मंदिर के 50 आचार्य, दीदीयों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का विशेष कार्यक्रम होगा, जिसमें योगाचार्य द्वारा योग की विभिन्न विधाएं, प्राणायाम, मुद्राएं आदि का अभ्यास करवाया जाएगा। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा के अनुसार कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई, जिसमें ललित गालव, सुरेश सेन, ऋषभ नागर, राजू कुशवाह के नेतृत्व में टोली बनाकर योग के बारे में जागरूकता लाने के लिए जनसंपर्क किया।

### सम्मान समारोह आज

**छबड़ा** (निसं)। केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल के तहत भाजपा द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों का सम्मान मंगलवार सुबह दस बजे अंबेडकर सामुदायिक भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतापसिंह सिंघवी षिरकत करेगे। वही, मंचासीन अतिथियो में पालिकाध्यक्ष केसी जैन, छबड़ा प्रधान हरिओम नागर, छीपाबड़ौद प्रधान नरेष मीणा सहित छबड़ा नगर अध्यक्ष सीपी गेरा, सेमली मंडल अध्यक्ष अशोक गौड, बापचा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा, छीपाबडौद मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल नागर व हरनावदाशाहजी मंडल अध्यक्ष हेमंत दौलिया मौजूद रहेगे।

### बालजी महाराज का मेला 8 जुलाई को

**झालावाड** (निसं)। बालजी सेवा समिति की बैठक छीतर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बालजी की छतरी पर आयोजित की गई जिसमें बालजी महाराज के वार्षिक मेले की तैयारियों के बारे में चर्चा की गई 7 जुलाई शुक्रवार को रात्रि 8 बजे सुन्दरकाण्ड व 8 जुलाई शनिवार को चरण पादुका पूजन तत्पश्चात आगंतुक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के कार्यकारिणी के पदाधिकारी रविन्द्र नाथ सक्सेना, नन्द सिंह राठौड़, चौथमल गोचर, प्रकाश व्यास,जगदीश सिंह, नन्दलाल गुप्ता, जगदीश हरदेनिया, सुरेश शुक्ला, रमण शर्मा, राधेश्याम सालोदिया, राधेश्याम गौड़, मांगीलाल,बिहारी लाल,बंशीलाल धाकड़, गणेश सोनी,विष्णु शर्मा ने भाग लिया।

### राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**झालावाड़** (निसं)। सोमवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेसजन एकत्रित हुए जहां जिला कांग्रेस की ओर से केक काटा कर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया, इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिन्दाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता मो0शफीक खान ने कहा कि देश में अराजकता, हिंसा, नफरत के माहौल को देखते हुए राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो पद यात्रा निकालकर देश में प्रेम, एकता, भाईचारे और मोहब्बत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है और कांग्रेस को राहुल गांधीजी के नेतृत्व की। कार्यक्रम मे मधु सिकरवार, शोभारानी, इफान खान, संजिदा बेगम, नन्दालाल राठौर, कैलाशचन्द यादव, जफर खान, सलीम मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष को श्रद्धांजलि दी

**छबड़ा** (निसं)। वर्ष 1970 से 1978 तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे कन्हैयालाल माहेष्वरी के निधन पर पालिका के सभागार भवन में सोमवार षाम पांच बजे षोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें पालिकाध्यक्ष केसी जैन, उपाध्यक्ष अबरार अहमद सिद्दकी, ईओ महेंद्रसिंह चारण सहित वर्तमान व पूर्व पार्शद एवं पालिका कर्मियो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर भाजपा व कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### छात्रावास भूमि देने की मांग

**छबड़ा** (निसं)। सेन समाज के लोगो द्वारा सोमवार को पालिकाध्यक्ष से छात्रावास निर्माण के लिए भूमि दिए जाने की मांग की और आवष्यक दस्तावेज भी सौपे। इस अवसर पर जमनालाल सेन, रतनलाल, मोहन, कमलेष, नरेष, हेमराज, पार्शद मनमोहन सेन, गौरव सेन, ईष्वर सेन, महेंद्र, अरविंद आदि मौजूद रहे।

### अभिभाषक परिषद में खेलों का आगाज

**बूंदी** (निसं)। सोमवार को अभिभाषक परिषद में खेल सप्ताह का शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष आनंद सिंह नरूका, पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत, पुरुषोत्तम पंचोली, कैलाश नामधराणी और श्याम दत्त दाधीच ने फीता काट कर किया।

# 'कोटा के सभी स्थानीय विधायकों ने कोटा में केडीएल लगाने का 20 वर्ष का एग्रीमेंट किया'

**कोटा** (निसं)। शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस की बैठक में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा के नेता, विधायक बार बार बिजली और महंगाई राहत केम्प को लेकर 10, 20 लोगों को इकठ्ठा कर आक्रोश रैली निकाली वह भी विफल साबित हुई।

मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि भाजपा सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह की मौजूदगी में कोटा में केडीएल लाने के लिए कोटा के सभी स्थानीय विधायकों 20 वर्ष के एगीमेंट पर अपनी सहमती क्यो जतायी और अब उसी बिजली को लेकर कोटा की जनता को गुमराह कर रहे है। यूडीएच मंत्री ने धारीवाल ने कहा कि उनके पास इसकी रिकॉर्डिंग है और वह इसको लोगों के सामने भी पेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रिवरफ्रंट का अवलोकन कर बाद में कांग्रेस के शीर्ष नृतेत्व और अन्य देश हस्ती को कोटा मे लाने के लिए मुख्यमंत्री निर्णय लेंगे।

खादी ग्राम उधोग के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नारा है तुम मांगते मांगते थक जाएंगे मैं देते देते नही थकूंगा उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सरकार की उपलब्धियों को अन्य प्रदेशों की सरकारें अपने प्रदेशो में लागू करने के लिए विचार कर रही है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पीसीसी मेम्बर्स अमित धारीवाल ने कहा कि अशोक गहलोत की योजनाओं की बदोलत आज प्रदेश की जनता में खुशहाली है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महंगाई बढ़ाने में माहिर है लेकिन अशोक गहलोत सरकार महंगाई से राहत देने के प्रति कटिबद्ध है।

अमित धारीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आमजन के जीवन को सुरक्षित किया है लोग पुन: कांग्रेस की ओर देख रहे है जिसका उदाहरण कर्नाटक में देखने को मिला वहाँ की जनता ने मोदी सरकार को आइना दिखा दिया है और आने वाले समय मे देश की जनता प्रदेशो में आइना दिखा देंगी अमित धारीवाल ने कहा कि राहुल गांधी जी यात्रा हम हर रोज वार्डो में अनवरत हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के रूप में चला रहे है जिसमे आमजन की समस्याओ का समाधान मोके पर हो रहा है।

लाडपुरा प्रदान नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि भाजपा की कथनी करनी में अंतर है कहती कुछ और है करती कुछ है।उन्होंने गहलोत सरकार जो कहती है वो करती ह। बैठक को महापौर राजीव अग्रवाल,पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, पीसीसी सचिव राखी गौतम, उपमहापौर पवन मीणा,उपमहापौर शोनू कुरैशी,पूर्व उप महापौर राकेश सोरल संचालन महासचिव डॉ डॉ विजय सोनी ने किया।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा, संदीप भाटिया, पार्षद अमोलक देवी, सं महासचिव रामेश्वर सुवालका, पूर्व देहात अध्यक्ष रुक्मणी मीणा, सपना बुर्ट, मंजू चौधरी, रूखसाना, रेहाना खान बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पीसीसी मेम्बर्स, पार्षद गण, कमेटी के पदाधिकारी गण, ब्लॉक अध्यक्ष गण, अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष गण सहित हजारों की संख्या कांग्रेस जन मौजूद थे।




यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने शहर कांग्रेस की बैठक को संबोधित किया।

## ऑनलाइन एडमिशन शुरू

**कोटा,** (निसं)। जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रोफेशनल, रोजगार उन्मुख कोर्सेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

विश्वविद्यालय चेयर पर्सन आर डी मीणा ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट . पर एडमिशन प्रक्रिया संबंधी सभी जानकारियां साझा की गई है इसके साथ ही विश्वविद्यालय में शैक्षिणक एवं गैर शैक्षिणक पदों पर भर्ती के लिए भी अभ्यार्थी ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक कर सकते हैं।

सात जुलाई तक स्टूडेंटस एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन।कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के तहत स्नातक में बीए ,बीकॉम, बीएससी के साथ पीजी मैं आवेदन स्वीकार किए जाएंगे इसके साथ ही प्रोफेशनल कोर्सेज पीजीडीसीए,, डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमबीए के साथ-साथ 6 माह के सर्टिफिकेट कोर्सस हाउसकीपिंग, रिसेप्शन मैनेजमेंट, कैटरिंग इवेंट मैनेजमेंट समेत अन्य रोजगार उन्मुख कोर्सेज के लिए 7 जुलाई तक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

## गौत्र बंधुओं से सम्पर्क किया

**बून्दी** (निसं)। बून्दी जिले की गोठडा ग्राम पंचायत के अंतर्गत पीपल्या मजरा में स्थित राठौर तेली गुलानिया कुलदेवी के मंदिर परिसर विकास हेतू जिले से बाहर निवासरत गोत्र बंधुओं से रविवार को सम्पर्क किया गया। समिति मीडिया प्रभारी विष्णु गोलाणियाँ बरुन्धन ने बताया कि नवगठित समिति के संयोजक सचिव भंवरलाल राठौर बून्दी, कोषाध्यक्ष महावीर राठौर बोरखेड़ा कोटा, दीपेंद्र राठौर कोटा , मोहनलाल राठौर कोटा सहित मीडिया प्रभारी ने नोताड़ा भोपत, दीगोद, सिमलिया, बडवा, बारां कोयला, बोहथ, मांगरोल एवं मध्यप्रदेश में श्योपुर, तातरदा, सोंठवा, मानपुरा सोइकला स्थानों पर पहुँचकर गोत्र बंधुओं से मुलाकात की। जहां पर समिति सदस्यों का जोरदार स्वागत व मान सम्मान किया गया। इस दौरान सभी बंधुओं को अवगत करवाते हुए मंदिर परिसर विकास हेतू आपस में बातचीत की।

## मोशन ने जेईई एडवांस्ड में सफलता का जश्न मनाया, टॉपर्स ने टिप्स दिए

**कोटा** (निसं)। सफलता का एक ही सूत्र है मेहनत...बिना मेहनत कामयाबी हासिल नहीं की जा सकती। जीवन में कभी भी हार नहीं मानें।

■ मेहनत करें और हार ना मानें,सफलता मिलकर रहेगी

छोटी-मोटी विफलता मिलाती रहती है और मिलाती रहेगी,लेकिन इससे हार कर बैठ जाना कोई सॉल्यूशन नहीं है। मजा तब है जब हार हो तो भी जी-जान से अपने लक्ष्य के लिए जुट जाएं।

टॉपर्स ने यह कहा जेईई एडवांस्ड2023में मोशन को शानदार सफलता मिलाने के अवसर पर। सोमवार शाम द्रोणा-2कैम्पस में आयोजित जश्न में टॉपर्स ने एक्जाम में सफलता के टिप्स दिए। टॉपर्स व उसके अभिभावकों का अभिनन्दन किया। कोचिंग के विद्यार्थियों और फेकल्टीज ने केक काटा और ढोल पर नृत्य किया। आतिशबाजी भी की गई।

टॉपर्स ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि कोटा के माहौल,एनवी सर और मोशन के बारे में काफी सुना था। इसलिए तैयारी के लिए कोटा आने का निर्णय लिया और वह सही भी साबित हुआ। मोशन का सिस्टम काफी अच्छा है और फैकल्टीज बेस्ट व एक्सपीरियंस्ड होने के साथ सपोर्टिव भी है। यहां का माहौल पढ़ने के लिए मोटिवेट करता है।

मॉक टेस्ट और अनुशासित माहौल मोशन को बेस्ट बनाते हैं। रोजाना सेल्फ स्टडी, रिवीजन और टॉपिकवाइज शार्ट नोट्स से सफलता की राह आसान बनती है। उन्होंने कहा कि समय खराब नहीं करना है। कूल रहकर पढ़ाई करें और नेट का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई तक ही सीमित रखें।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि मोशन की टीम ने एक बार फिर खुद को साबित किया है। ज्वाइंट डायरेक्टर और जेईई डिवीजन के हेड रामरतन द्विवेदी ने बताया कि मोशन के9स्टूडेंट्स टॉप100में शामिल हैं और सलेक्शन रेशियो53फीसदी रहा है।

मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय,डायरेक्टर सुशीला विजय,डॉ. स्वाति विजय, वाइस प्रेसिडेंट शिवप्रकाश विजय,अंकित लाहोटी, डिप्टी डायरेक्टर और जेईई के एकेडमिक हेड निखिल श्रीवास्तव और कई सीनियर फेकल्टी मौजूद थे।

## हनुमान चालीसा पाठ किया

**बून्दी** (निसं)। नृसिंह आश्रम बाणगंगा, बूंदी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरंग जन कल्याण एवं आध्यात्मिक समिति, बूंदी द्वारा आयोजित सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ में प्रतिदिन हजारों लोग सुबह से देर रात तक हनुमान चालीसा पाठ कर रहे हैं। राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण के सदस्य भरत शर्मा ने बताया कि पंचम सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का शुभारम्भ 13 जून को हुआ।

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 1-क-18 विज्ञान नगर कोटा के आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, और अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गये है जिस किसी को भी मिले तो उक्त पते पर पहुंचाने का श्रम करें। पता- रमेश कुमार मनौजा 1-क-18, विज्ञान नगर कोटा

प्रेमचंद लखानी पुत्र हुकमचन्द मकान नंबर 4-डी-18, रंगबाडी योजना कोटा का नोड्यूज सर्टिफिकेट गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

## मॉक-ड्रिल आयोजित

**कोटा** (निसं)। रेलवे के कार्मिकों की सजगता एवं कार्य प्रणाली तथा आपदा राहत उपकरणों की कार्यशीलता को परखने हेतु दिनांक 19 जून को काल्पनिक दुर्घटना का घटना क्रम निर्मित किया।

जिसमें कोटा मंडल के कोटा-गंगापुरसिटी खण्ड पर दोपहर 01:01 बजे लाखेरी एवं लबान स्टेशनों के मध्य किमी 976/28 से 977/02 के मध्य स्थित समपार फाटक सं 136/(इंजीनियरिंग) पर यात्रियों से भरी जीप नं. 208070 अनियंत्रित होकर गेट ग्रूम को तोड़ते हुए टावर वैगन से टकरा गई जिसके कारण सड़क वाहन में सवार 4 से 6 यात्री घायल एवं 02 यात्री अचेत हो गए एवं टावर वैगन के दो पहिए अवपथित हो गए जिसकी सूचना कार्यरत गेट मैन द्वारा डिप्टी एस.एस.लबान को दी गई।

डिप्टी एस.एस. लवान द्वारा कोटा-गंगापुरसिटी खण्ड के गाड़ी नियंत्रक / समय पालन को दोपहर 01:02 बजे पटना की सूचना दी गई। मंडल नियंत्रण कक्ष कोटा को समय दोपहर 01:02 बजे सूचना प्राप्त होने पर कोटा स्टेशन पर स्थित स्वचालित (सेल्फ प्रोपेल्ड) चिकित्सा वाहन तथा दुर्घटना राहत गाडी को भी तत्परता से रवाना किया गया एवं गंगापुरसिटी स्टेशन से चिकित्सा दुर्घटना राहत वाहन एवं दुर्घटना राहत गाडी को रवाना किया गया। वरिष्ठ गंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना द्वारा दोपहर 01:53 बजे छदम घटना (मॉक ड्रिल) घोषित किया गया।

उक्त मॉक ड्रिल में कोटा मंडल के संरक्षा विभाग, यांत्रिक विभाग, कर्षण वितरण विभाग अभियांत्रकी विभाग, वाणिज्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल, चिकित्सा विभाग एवं कार्मिक विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस माँक-ड्रिल का क्रियान्वयन मंडल रेल प्रबन्धकमनीष तिवारी की देख-रेख में किया गया।

## मंत्री धारीवाल ने नांता में पुलिस थाने का शुभारंभ किया

**कोटा,** (निसं)। कोचिंग सिटी कोटा को सोमवार एक और नये थाने की सौगात नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने दी। कोटा के नांता में नये थाने का आज शुभारंभ यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने करके कहा कि कुन्हाड़ी नांता क्षेत्र में पुलिस चौकी की मांग की जा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा शहर को एक और थाने की सौगात दी हैं।

शुभारंभ के मौके पर मंत्री धारीवाल ने सीएम अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि क्षेत्र में विकसित हुई नई कॉलोनीया एवं औद्योगिक क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रवासियों के लिए यह थाना सहायक होगा। कानून व्यवस्था और ज्यादा मजबूत हो सकेगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी सहयोग की अपील की। शुभारंभ के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मंत्री शांति धारीवाल का पुलिस बैंड के साथ स्वागत किया गया । नांता थाने के शुभारंभ के साथ ही अब कोटा शहर में 21 थाने हो गए है। शुभारंभ के मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों क्षेत्रवासियों ने भी मंत्री शांति धारीवाल का आभार व्यक्त कर स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता महापौर , उपमहापौर, शिवकांत नंदवाना ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्र वासी मौजूद रहे। संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, आईजी प्रसन्न खमेसरा कलेक्टर ओपी बुनकर एसपी शरद चौधरी, न्यास सचिव राजेश जोशी, एडिशनल एसपी राम कल्याण मीणा प्रवीण जैन ठाकुर चंदशील, डिप्टी शंकर लाल मीणा, आशीष भार्गव सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# सात आईआईटी में 25 नए ब्रांचेज, 787 सीटें बढ़ी

**कोटा** (निसं)। आईआईटी गुवाहाटी द्वारा जेईई-एडवांस्ड के परिणाम जारी करने के बाद सोमवार से ज्वाइंट काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस काउंसलिंग के माध्यम से इस वर्ष देश के 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी, 33 जीएफटीआई की 57152 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों को कुल 119 कॉलेजों की 813 ब्रांचेंज को भरकर लॉक करने का विकल्प दिया गया है। विद्यार्थी 28 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की जा सकेगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष 23 आईआईटी की 17385 सीटों (सुपरन्यमेररी सीटें मिलाकर) पर, एनआईटी की 23954, ट्रिपलआईटी 7746, जीएफटीआई की 8067 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। जबकि गत वर्ष आईआईटी की 16598, एनआईटी की 23994, ट्रिपलआईटी की 7126, जीएफटीआई की 6759 सीटों पर प्रवेश दिया गया। यानी इस वर्ष आईआईटी की 787 सीटें, ट्रिपलआईटी की 620 सीटें व जीएफटीआई की 1308 सीटें बढ़ी हैं। कुल मिलाकर इस वर्ष 2675 सीटें बढ़ी हैं।

आहूजा ने बताया कि इस वर्ष

■ इस वर्ष 23 आईआईटी की 17385 सीटों पर प्रवेश मिलेगा

आईआईटी, एनआईटी व ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया 19 जून से 31 जुलाई के मध्य छह राउंड में संपन्न होगी। प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब 28 जून को शाम 5 बजे तक च्वाइस फिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पहला मॉक सीट आवंटन 25 जून को होगा, उसके उपरान्त दूसरा मॉक सीट आवंटन 27 जून को होगा। इसके उपरान्त 30 जून को पहले राउण्ड का सीट आवंटन होगा, जिन विद्यार्थियों को पहले राउण्ड में सीट का आवंटन होगा।

उन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान सीट असेपटेंस फीस जमा कर डाक्यूमेंट्स अपलोड कर अपनी सीट कंफर्म करनी होगी। दूसरे राउण्ड का सीट आवंटन 6 जुलाई, तीसरे का 12 जुलाई, चौथे का 16 जुलाई, पांचवें का 21 जुलाई को होगा। अंतिम यानी छठे राउण्ड का सीट आवंटन 26 जुलाई को होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण काउंसलिंग प्रक्रिया छह राउंड में संपन्न होगी, जिसकी फाइनल रिपोर्टिंग 28 जुलाई तक करनी होगी।

आईआईटी इंदौर में केमिकल इंजीनियरिंग की 40, इंजीनियरिंग फिजिक्स 20, स्पेस साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की 20, मैथेमेटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग की 40, आईआईटी गांधीनगर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की 30, मैकेनिकल इंजीनियरिंग (5 वर्षीय) की 20, आईआईटी भिलाई में मटिरियल इंजीनियरिंग एण्ड मेटालर्जीकल इंजीनियरिंग 20, आईआईटी जम्मू में मैथेमेटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग की 40, आईआईटी मंडी में डाटा साइंस एण्ड कम्प्यूटिंग की 50, बैचलर इन साइंस इन केमिकल साइंसेज 30, बीटेक मैथेमेटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग की 30, बीटेक मेटिरियल साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की 30, बीटेक माइक्रो इलेक्ट्रोनिक्स की 30, आईआईटी पटना में केमिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी की 40, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग की 50, बीटेक इन इलेक्ट्रोनिक एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, एमटेक इनकम्यूनिकेशन सिस्टम की 10, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग एमबी (एनआईटीआईई) की 15, बीटेक इन कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, एमटेक इन जियो टेक्नीकल इंजीनियरिंग की 10, , कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, एमटेक इन स्ट्रक्चरल इंजीनियरियरिंग की 10, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, एमटेक इन सीएसई की 10, बीटेक-एमटेक इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग 10, इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग-एमटेक इन पॉवर एण्ड कंट्रोल में 10, मैथेमेटिक एण्ड कम्प्यूटिंग में 10, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 10, मेकाट्रोनिक्स में 10 तथा आईआईटी रोपड़ में आर्टिफिशिल इंजीनियरिंग एण्ड डेटा इंजीनियरिंग में 20 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को च्वाइस फिलिंग का अवसर एक बार ही दिया गया है, अत: विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा कॉलेजों के विकल्प को अपनी प्राथमिकता के घटते क्रम में भरें। विद्यार्थी गत वर्षों की कॉलेजों की ओपनिंग एवं क्लोजिंग रैंकों को देखते हुए कॉलेजों को चुनने के ट्रेण्ड का अनुमान लगा सकते हैं। विद्यार्थी अपनी रैंक के अनुसार गत वर्षों की क्लोजिंग रैंक से नीचे की रैंक वाले कॉलेज ब्रांचों को भी अपनी रुचि अनुसार कॉलेज प्राथमिकता सूची के क्रम में शामिल करे। जोसा काउंसलिंग में कॉलेजों को भरने से पूर्व अपनी प्राथमिकता के कॉलेजों की सूची कागज पर बनाकर उसका आंकलन कर ही ऑनलाइन भरें ताकि गलती होने की संभावना ना रहे। विद्यार्थियों को कॉलेज च्वाइस लॉक करने से पूर्व अवश्य पूर्ण चेक करें क्योंकि लॉक करने के उपरान्त उसमें बदलाव संभव नहीं होंगे।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक-1008 दिनांक-19.06.2023

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना के भूखण्ड संख्या 110 का आवंटन मैसर्स श्वेता सेल्स प्रो. श्रीमती उषा मालपानी पत्नी श्री राजेश मालपानी को आवंटन पत्र क्रमांक 410 दिनांक 12.12.2000 को आवंटन किया गया था। आवंटी श्रीमती उषा मालपानी पत्नी श्री राजेश मालपानी द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय दिनांक 12.03.2007 से श्री गोपाल लाल पुत्र श्री चन्दा लाल को किया गया था। क्रेता श्री गोपाल लाल पुत्र श्री चन्दा लाल की मृत्यु दिनांक 31.10.2011 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान हकदार श्री गोविन्द लोधा पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 110 विश्वबकर्मा ऑटोमाबाईल नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना को जरिये रजिस्टर्ड रिलीज डीड मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति दने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 110 विश्वकर्मा ऑटोमोबाईल नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्री गोविन्द लोधा पुत्र स्व. श्री गोपाल लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त, कोटा**

**जाहिर आम सूचना**

क्रमांक-1174 दिनांक-19.06.2023

आवास संख्या 5-एफ-28 तलवण्डी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री बशीर खान पुत्र श्री इनायत को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री बशीर खान पुत्र श्री इनायम द्वारा दिनांक 11.12.1990 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन पश्चात श्री बशीर खान पुत्र श्री इनायत द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 06.02.1993 को श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री धूलचन्द जैन को किया गया। तत्पश्चात श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री धूलचन्द जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये बैय नामा पत्र आलेखित कर दिनांक 03.08.1996 को श्री अजय रामचन्दानी पुत्र श्री वासुदेव रामचन्दानी को किया गया। तत्पश्चात श्री अजय रामचन्दानी पुत्र श्री वासुदेव रामचन्दानी द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 15.10.2005 को श्री दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व.श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता को किया गया। पत्पश्चात श्री दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बैचान जरीये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 29.04.2008 को श्रीमती रेखा खण्डेलवाल पत्नी श्री ओमप्रकाश मेहता को किया गया। श्रीमती रेखा खण्डेलवाल पत्नी श्री ओम प्रकाश मेहता द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने हेतु कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस आवास के अभिलेख में श्रीमती रेखा खण्डेलवाल पत्नी श्री ओमप्रकाश मेहता का नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के अभिलेख में श्रीमती रेखा खण्डेलवाल पत्नी श्री ओम प्रकाश मेहता का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के अभिलेख में श्रीमती रेखा खण्डेलवाल पत्नी श्री ओमप्रकाश मेहता का नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त, कोटा**

क्रमांक 3.आ.आ./को.वृ.को./2023-24/1156 दिनांक-19.06.2023

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 1 से 21 रामगंजमण्डी कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमति राधा बाई पत्नि श्री भंवरलाल को किया गया। श्रीमति राधा बाई द्वारा उक्त आवास का बेचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 12.06.1996 को श्री रामभरोस पुत्र श्री कन्हैयालाल को किया गया। श्री रामभरोस द्वारा अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु इस कार्यालय में दिनांक 28.03.2023 को आवेदन किया गया।

अतः इस आवास का नियमितिकरण श्री रामभरोस पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम करने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करकें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का नियमितिकरण श्री रामभरोस पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री रामभरोस पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल
कोटा वत्त, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त, कोटा**

**जाहिर आम सूचना**

क्रमांक-1152 दिनांक-19.06.2023

आवास संख्या 1-फ-20 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री भंवर लाल बाकलीवाल पुत्र श्री पन्नालाल को किया गया। श्री भंवर लाल बाकलीवाल की मृत्यु दिनांक 27.04.1985 को हो चुकी है। स्व. श्री भंवर लाल बाकलीवाल की मृत्यु पश्चात उनकी पुत्र वधु श्रीमति कुसुम जैन पत्नि श्री पारस मल बाकलीवाल का नाम वसीयत के आधार पर दिनांक 19.06.1990 को दर्ज किया जा चुका है। उक्त आवास का पंजीयन दिनांक 17.07.1990 को श्रीमति कुसुम जैन पत्नि श्री पारस मल बाकलीवाल द्वारा उप-पंजीयक कार्यालय कोटा में अपने नाम करवाया गया।

श्रीमती कुसुम जैन की मृत्यु दिनांक 23.11.2019 को हो चुकी है। स्व. श्रीमति कुसुम जैन की मृत्यु पश्चात उनके वारिसान (1) श्री विपिन कुमार बाकलीवाल (2) श्री संदीप कुमार बाकलीवाल पुत्र श्री पारसमल बाकलीवाल द्वारा दिनांक 18.04.2023 को जरिये हकत्याग-पत्र (रिलीज़ डीड) आलेखित कर अपने पिता श्री पारसमल बाकलीवाल पुत्र श्री बी.एल. बाकलीवाल के पक्ष में किया गया।

श्री पारसमल बाकलीवाल द्वारा उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में स्वयं का दर्ज करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। श्री पारसमल बाकलीवाल पुत्र श्री बी एल बाकलीवाल के नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री पारसमल बाकलीवाल पुत्र श्री बी एल बाकलीवाल का नाम दर्ज किये जाने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री पारसमल बाकलीवाल पुत्र श्री बी एल बाकलीवाल का नाम दर्ज कर लिया जाएगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त, कोटा**

क्रमांक 3.आ.आ./को.वृ.को./2023-24/1154 दिनांक-19.06.2023

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 3 पी 17 महावीर नगर विस्तार कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमति मन्नू देवी जैन पत्नि श्री विजय लाल जैन को किया गया। श्रीमति मन्नू देवी जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयनामा आलेखित कर दिनांक 27.11.1990 को श्री भारत भूषण बाठला पुत्र श्री वजीर चन्द्र बाठला को किया गया। श्री भारत भूषण बाठला द्वारा उक्त आवास का बेचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 12.06.2004 को श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री ओंकार लाल शर्मा को किया गया। श्री ओमप्रकाश शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 25.04.2023 को श्रीमति रजनी बनवानी पत्नि श्री मनीष बनवानी को किया गया। श्रीमति रजनी बनवानी द्वारा अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु इस कार्यालय में दिनांक 26.04.2023 को आवेदन किया गया।

अतः इस आवास का नियमितिकरण श्रीमति रतनी बनवानी पत्नी श्री मनीष बनवानी के नाम करने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करकें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का नियमितिकरण श्रीमति रजनी बनवानी पत्नि श्री मनीष बनवानी के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्रीमति रजनी बनवानी पत्नि श्री मनीष बनवानी के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल
कोटा वृत्त, कोटा

